हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



मां दुर्गा की पूजा में जुटे श्रद्धालु

केशकाल। नवरात्रि पर्व पर केशकाल नगर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में नगर के हर्रापड़ाव में श्री श्री नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। मां दुर्गा के जयकारों और पूजा-अर्चना के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा है। श्रद्धालु माता रानी के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

प्राकृतिक आपदा से मृत दो लोगों के परिजनों को 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

कोण्डागांव। कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को कुल 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। दोनों प्रकरणों में चार–चार लाख की सहायता प्रदान करने के आदेश जारी किए गए हैं।
माकड़ी तहसील के ग्राम कांवरा निवासी रीता की पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी माता सुकदई एवं पिता शोभलाल को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।
इसी प्रकार बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम धामनपुरी निवासी लिमीका की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता अनिता नेताम एवं पिता गोकुल नेताम को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को स्वीकृत सहायता राशि मृतकों के पात्र वारिसों के बैंक खातों में हस्तांतरित करने के निर्देश दिए हैं। दोनों प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के प्रावधानों के तहत कुल 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों तक समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित आवेदनों और निर्माण कार्यों का निर्धारित समय–सीमा में निराकरण करने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने डिजिटल फसल सर्वे एवं भौतिक सत्यापन कार्य की समीक्षा करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंचायतों के नोडल अधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय–सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी पात्र किसानों को योजना का शत–प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन के लिए स्वीकृत नवीन केंद्रों के संचालन के लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी करने को कहा।

पहचान पत्र निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के अनिवार्य आधार बायोमेट्रिक अपडेट और अपार पहचान पत्र निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड निर्माण और टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पात्र नागरिकों तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने पर जोर

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बैंक एवं अन्य स्तरों पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र आवेदकों को योजना का लाभ मिलने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली

बैठक में स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्रों के वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही महाविद्यालय भवन, छात्रावास भवन, आंगनबाड़ी भवन और ग्रंथालय भवन सहित विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए मंत्री, 32 टीमों ने दिखाया दमखम

मंत्री केदार पहुंचे बेनूर, दुर्गा पंडालों और मंदिरों में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

ग्रामीण विकास, जनकल्याण और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने मंत्री केदार कश्यप शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन बेनूर पहुंचे। उन्होंने मां दुर्गा के विभिन्न पंडालों एवं मंदिरों में पूजा-अर्चना कर प्रदेश और जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद स्व. दिलीप शोरी की स्मृति में आयोजित ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रवास के दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना भी व्यक्त की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए केदार कश्यप ने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता विकास को गांव-गांव तक पहुंचाना, पात्र परिवारों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

सरकार का उद्देश्य है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी बेहतर सुविधाएं तथा अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले।

उन्होंने कहा कि गांवों की प्रगति केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं की क्षमता को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना भी विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को सामने लाने के साथ युवाओं में अनुशासन, मेहनत और टीम भावना को मजबूत करती हैं।



32 टीमों की भागीदारी कोरेंडा ने जीता खिताब

स्व. दिलीप शोरी की स्मृति में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में 32 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में ग्राम कोरेंडा की टीम विजेता रही, जबकि पीएमटी बेनूर की टीम उपविजेता बनी। केदार कश्यप ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कोरेंडा के राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल खिलाड़ी राजेश सलाम, जर्सी नंबर 12, से मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ी की प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों की टीमों की भागीदारी ने स्थानीय युवाओं के बीच फुटबॉल के प्रति उत्साह को सामने रखा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संध्या पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मुरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष इंदर प्रसाद बघेल सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, खिलाड़ी और ग्रामीण उपस्थित थे।

खेतों में पहुंचीं कलेक्टर नूपुर राशि डिजिटल फसल सर्वे का लिया जायजा



कोण्डागांव। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सोमवार को जिले में संचालित डिजिटल फसल सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केशकाल के ग्राम पिपरा, बेड़मा तथा फरसगांव के ग्राम शकरपुर के खेतों में पहुंचकर सर्वे कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समय–सीमा में सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार डिजिटल फसल सर्वे का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाना है।

- निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि जिले के सभी किसानों की फसलों का भौतिक सत्यापन और डिजिटल प्रविष्टि सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को निर्देश दिए कि वे अपने गांवों के किसानों को डिजिटल फसल प्रविष्टि ऐप के माध्यम से सर्वेयर द्वारा फसलों का भौतिक सत्यापन एवं ऑनलाइन प्रविष्टि कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए भी जागरूक करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने बताया कि किसानों के लिए अपनी उपज का विक्रय करने की दृष्टि से डिजिटल फसल प्रविष्टि और एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य है। कलेक्टर ने सरपंचों, सचिवों और पटवारियों से सर्वे कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डिजिटल फसल सर्वे एवं पंजीयन प्रक्रिया में कोई भी पात्र किसान छूटना नहीं चाहिए। निरीक्षण के दौरान फरसगांव अनुविभागीय अधिकारी अश्वन पुसाम, केशकाल अनुविभागीय अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक, अधीक्षक भू–अभिलेख सुश्री सुषमा मंडावी, तहसीलदार गणेश सिदार एवं अंकुर रात्रे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग सिन्हा एवं रूपेंद्र नेताम सहित राजस्व, कृषि और पंचायत विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



कोण्डागांव। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों की संवेदनशीलता के साथ जांच कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में बंशलाल साहू ने खेल मैदान के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं ग्राम ठोटी मड़ानार निवासी रामलाल सलाम ने गांव में मुक्तिधाम निर्माण की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम हिचका निवासी सुक्कुराम कावड़े ने ग्राम कोकोड़ी और मिमड़ी नदी पर पुल निर्माण की मांग की। इसी प्रकार ग्राम नयापारा डूमरपदर निवासी संतोष मण्डावी ने बांध के पानी की निकासी के लिए पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताते हुए आवेदन दिया।

वहीं ग्राम करमरी निवासी सुरेन्द्र कुमार कुमेटी ने प्राथमिक शाला के जर्जर भवन की मरम्मत कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम सम्बलपुर के ग्रामीणों ने उच्च प्राथमिक शाला बड़ेपदर सम्बलपुर में शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की। इसके अलावा ग्राम होनावंडी निवासी सुखचन्द मरकाम ने शासकीय कन्या आश्रम होनावंडी में शिक्षक एवं महिला सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की मांग रखी। जनदर्शन में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यक सुविधाओं से संबंधित अन्य आवेदन भी प्रस्तुत किए। कलेक्टर पन्ना ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जांच कर नियमानुसार समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बड़ेसोहंगा में छात्रों ने देखी जल जीवन मिशन की पेयजल व्यवस्था



कोण्डागांव। एक जिला एक विद्यार्थी भ्रमण एवं एक सर्वोत्तम कार्यप्रणाली कार्यक्रम के तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज, कोण्डागांव के विद्यार्थियों ने विकासखंड माकड़ी के ग्राम पंचायत बड़ेसोहंगा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराई जा रही पेयजल व्यवस्था का अवलोकन किया। साथ ही योजना के संचालन, रखरखाव और जल संरक्षण से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बड़ेसोहंगा जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद यहां जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गांव में 40 किलोलीटर क्षमता के उच्चस्तरीय जलागार के माध्यम से 204 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

पेज 03 के शेष...

यूनेस्को की दौड़ में ...

इसके अलावा गुफा विशेषज्ञ डॉ. सपना गुप्ता और बस्तर के इतिहास के विशेषज्ञ अप्रतिम झा ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में एसडीओ कमल तिवारी, कुटुमसर परिक्षेत्राधिकारी नीतू सिंह ठाकुर तथा कोलेंग परिक्षेत्राधिकारी अक्षय कश्यप भी उपस्थित रहे।

इंद्रावती नदी के ...

सरकार, प्रशासन और स्थानीय समुदायों के समन्वय से प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। महादेव बैराज का निर्माण जल्द कराए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इंद्रावती नदी बस्तर की जीवनरेखा है और इसके संरक्षण के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना आवश्यक है।अपने पुराने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने नगरीय निकायों, विधानसभा एवं लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक यात्रा और उपलब्धियों पर भी विचार साझा किए। उन्होंने पार्षदों को जनहित में बेहतर कार्य करने, अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने की सलाह दी। साथ ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने किया, जबकि लक्ष्मण झा ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, नरसिंग राव,प्रकाश झा, उमा मिश्रा, हरीश पारख, पारुल बोथरा, आशा साहू, खगेंद्र सिंह ठाकुर, श्याम सुंदर बघेल, संतोष गौर, बसंती समरथ, उर्मिला यादव, रोशन सिसोदिया, गिरजा गुप्ता, गायत्री बघेल, पूनम सिन्हा, यशवर्धन राव, शशिनाथ पाठक, राजेश श्रीवास्तव, अतुल कौशल, संतोष त्रिपाठी, आशुतोष पॉल, रोहित त्रिवेदी, रितेश सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण योजना से तनुजा के सपनों को मिली उड़ान

कोण्डागांव। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना इन दिनों जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बन रही है। इसी योजना के तहत बड़े राजपुर विकासखंड के ग्राम मारंगपुरी निवासी तनुजा मरकाम को 20 हजार की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित शिविर में मिली इस सहायता से तनुजा को अपने भविष्य की योजनाओं को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है।तनुजा मरकाम के पिता उत्तम लाल मरकाम पंजीकृत निर्माण श्रमिक हैं। इसी आधार पर तनुजा को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना का लाभ मिला है। योजना से प्राप्त राशि उनके लिए भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने में सहायक होगी।



छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो अविवाहित पुत्रियों को 20 हजार रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

बस्तर में स्थायी शांति, निर्दोष मूलवासियों व झीरम मामले के 10 बंदियों की रिहाई हो



नारायणपुर। बस्तर संभाग में स्थायी शांति स्थापित करने और स्थानीय ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने नारायणपुर कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन में यूनियन ने नक्सल संघर्ष के दौरान वर्षों से जेलों में बंद निर्दोष मूलवासियों तथा झीरम घाटी मामले में मृत्युदंड की सजा पाए 10 व्यक्तियों की तत्काल रिहाई की मांग उठाई है। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि बस्तर में शांति की पहल तभी सार्थक हो सकती है जब संघर्ष से प्रभावित आम ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिले। सालों से झूठे या निराधार आरोपों में कैद आदिवासियों और उनके परिवारों की पीड़ा की अनदेखी करके बस्तर में कभी भी स्थायी शांति स्थापित नहीं की जा सकती। ज्ञापन में 5 सूत्रीय मांगें रखी गई हैं, जिसमें निर्दोष मूलवासियों की तत्काल रिहाई, झीरम मामले के 10 व्यक्तियों के मृत्युदंड पर रोक और रिहाई, शांति प्रक्रिया का दायरा बढ़े, अभियोजन वापसी प्रक्रिया में तेजी और न्याय को बनाया जाए शांति का हिस्सा शामिल हैं।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष तेजराम विद्रोही, संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, गरियाबंद जिला अध्यक्ष मदनलाल साहू, नारायणपुर जिला अध्यक्ष रुबजी सलाम, बस्तर जिला अध्यक्ष रमेश गोयल के अलावा नरसिंह मंडावी, सूरज कुमार नेताम, सोमजी सलाम, श्यामलाल दुग्गा और जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

सियान जतन और सम्मान कार्यक्रम में 50 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण



कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा, देखभाल एवं सम्मान के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में सियान जतन एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में 50 वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान बुजुर्गों का तिलक लगाकर एवं शॉल भेंटकर सम्मान भी किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी के अंतर्गत आने वाली 12 ग्राम पंचायतों के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान रक्तचाप, रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन और आंखों की जांच की गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने बुजुर्गों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित आहार लेने तथा किसी भी बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए जागरूक किया। छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ शुभारंभ – कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष तोमेंद्र सिंह ठाकुर, बम्हनी सरपंच श्रीमती कविता पोयाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कलेक्टर ने कार्य विभाजन आदेश में अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

कलेक्टर की अनुपस्थिति में सीईओ जिपं संभालेंगे कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में शासकीय कामकाज को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और गतिमान बनाने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने जारी आदेश में जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना को कलेक्टर की अनुपस्थिति में सामान्य प्रशासनिक नियंत्रण एवं चालू कार्य संपादित करने की अहम जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही वे मुख्यमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं, डीएमएफ, और हेरिटेज सोसायटी के नोडल अधिकारी होंगे। कुल 27 विभागों एवं शाखाओं की नस्तियों का परीक्षण कर कलेक्टर को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने का कार्यभार रहेगा। राजस्व तथा कानून-व्यवस्था के स्तर पर दोनों अपर कलेक्टरों के मध्य प्रभार का बंटवारा किया गया है। चन्द्रिका प्रसाद बघेल अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उनके पास जगदलपुर, तोकापाल और लोहण्डीगुड़ा अनुभाग के छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत अपील, पुनरीक्षण व पुनर्विलोकन (धारा 165 व 170-ख को छोड़कर) तथा कृषि खातों की उच्चतम सीमा अधिनियम 1960 के प्रकरणों की सुनवाई का जिम्मा रहेगा। वहीं दिलेराम डाहिरे अतिरिक्त कलेक्टर का प्रभार संभालेंगे। वे बस्तर एवं बकावंड अनुभाग के भू-राजस्व संहिता के अपील, पुनरीक्षण (धारा 165 व 170-ख को छोड़कर), कृषि खातों की उच्चतम सीमा अधिनियम के प्रकरण, तथा पटवारियों के विरुद्ध अपीलों की सुनवाई करेंगे। इसके अलावा नजूल अधिकारी जगदलपुर के आदेशों के विरुद्ध धारा 44 के तहत अपील, नजूल पट्टा नवीनीकरण, शीर्ष ब-121 मद के राजस्व मामले, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-आवश्यक वस्तु अधिनियम, जिला विपणन, नागरिक आपूर्ति निगम तथा सहकारिता का कार्य देखेंगे।

डिप्टी कलेक्टर स्तर पर अधिकारियों के मध्य विभागों का आबंटन करते हुए सुश्री हीरा गवर्ना को नजूल अधिकारी नजूल नवीनीकरण अधिकारी, विशेष भर्ती, जनगणना, टी.एल. शाखा, शिकायत, भू-अर्जन, लोक सेवा गारंटी, सहायक अधीक्षक राजस्व शाखा, नगर दण्डाधिकारी, भाड़ा नियंत्रक अधिकारी, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री व सांसदों से प्राप्त संदर्भ पत्रों का निराकरण तथा केन्द्रीय विद्यालय की नस्तियों का प्रभार सौंपा गया है।



बंजारे तोकापाल और नंदनी लोहंडीगुड़ा की एसडीएम

तोकापाल, दरभा एवं बास्तानार तहसील के लिए सत्येन्द्र कुमार बंजारे एसडीएम तोकापाल होंगे। बकावंड एवं करपावंड तहसील हेतु अमित बेक एसडीएम होंगे, जिन्हें सीएसआर, विशेष केन्द्रीय सहायता और जिला निर्माण समिति का नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। लोहण्डीगुड़ा तहसील हेतु सुश्री नंदनी साहू को लोहंडीगुड़ा अनुविभागीय दंडाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।



तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

02 मंत्री केदार पहुंचे बेनूर, दुर्गा पंडालों और मंदिरों ...



04 फूलों से सजे रथ की पहली परिक्रमा ...



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

यूनेस्को की दौड़ में कांगेर घाटी, स्थानीय समुदाय व नेचर गाइड को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय वन्यजीव संस्थान ने आयोजित किया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की दिशा में तैयार किए जा रहे नामांकन डोजियर के तहत मंगलवार को शहर के वन विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से आयोजित इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय और नेचर गाइड को कांगेर घाटी की जैव विविधता, सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक भू-दृश्य, गुफाओं और स्थानीय इतिहास की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय एवं नेचर गाइड्स को प्रकृति पर्यटन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना और उन्हें संरक्षण आधारित पर्यटन के लिए सक्षम बनाना था। विशेषज्ञों ने पर्यावरण अनुकूल पर्यटन, प्रकृति आधारित पर्यटन, समुदाय आधारित संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन की अवधारणाओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पर्यटकों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने और क्षेत्र की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत की बेहतर व्याख्या करने के तरीकों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तम कुमार गुप्ता, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञ डॉ. गौतम तालुकदार, डॉ. भुमेश सिंह भदौरिया, डॉ. सुशील कुमार दत्ता, डॉ. पीयूष रंजन साहू और डॉ. सुधीर रंजन चौधरी उपस्थित रहे। ⏭शेष पेज 02 पर





रोजगार व आजीविका के अवसर भी बढ़ेंगे

कार्यक्रम प्रशिक्षण में कोटमसर, तीरथगढ़, नेतानार और मांझीपाल के स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ इको डेवलपमेंट कमेटी, बांस राफ्टिंग समिति, नेचर गाइड समिति और जिप्सी समिति के सदस्यों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षित नेचर गाइड पर्यटकों को क्षेत्र की विशेषताओं से परिचित कराने के साथ संरक्षण और स्थानीय संस्कृति के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे। इससे स्थानीय रोजगार और आजीविका के अवसर भी बढ़ेंगे।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।

महाराष्ट्र तक पहुंचने के लिए पहाड़ काटकर बनाया जा रहा एनएच-130 डी

दहशत के पहाड़ों को चीरकर महाराष्ट्र तक पहुंच रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के जिस इलाके का नाम सुनते ही कभी नक्सलियों का खौफ लोगों के चेहरों पर नजर आने लगता था, जहां जाने से लोग कतराते थे और मुंह खोलने तक से डरते थे, अब उसी इलाके में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। नारायणपुर जिले के अंतिम नक्सल प्रभावित आकाबेड़ा और कुतुल तक सड़क पहुंचाने के लिए पहाड़ों को काटकर रास्ता तैयार किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग कोण्डागांव द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी का निर्माण कराया जा रहा है। यह सड़क नारायणपुर से आकाबेड़ा और कुतुल होते हुए महाराष्ट्र की सीमा तक पहुंचेगी।

- कभी नक्सलियों के खौफ से जहां जाने में कांपते थे कदम, अब आकाबेड़ा-कुतुल तक पहुंच रही विकास की राह

अलग खबर

सड़क निर्माण पूरा होने के बाद इस दुर्गम इलाके में भारी वाहनों सहित अन्य वाहनों की आवाजाही आसान हो सकेगी। दरअसल वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने नारायणपुर से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी घोषित किया था। इसके बाद से ही क्षेत्र में सड़क निर्माण की दिशा में प्रयास तेज हुए। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ने और विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा कैंप स्थापित होने से उन क्षेत्रों तक पहुंच संभव हो पाई है, जहां पहले जाना भी चुनौतीपूर्ण माना जाता था। अब सड़क निर्माण के लिए दुर्गम पहाड़ियों को काटकर रास्ता बनाया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ अपने उपयंत्री के साथ निर्माण कार्य की निगरानी में जुटे हुए हैं।



बेहतर भविष्य की दिखाई उम्मीद

इस सड़क का निर्माण केवल आवागमन की सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वर्षों से अलग-थलग पड़े गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने की उम्मीद भी लेकर आया है। आकाबेड़ा के ग्रामीणों ने कहा कि गांव तक सड़क पहुंचने से महाराष्ट्र के सीमावर्ती इलाकों में आना-जाना आसान होगा। इससे व्यापार, रोजगार और सामाजिक संपर्क के अवसर बढ़ेंगे। इतना ही नहीं, सीमावर्ती राज्य में रहने वाले लोगों से रिश्तेदारी और पारिवारिक संबंध बनाने में भी आसानी होगी। कभी नक्सली दहशत के कारण पहचान छिपाकर रहने वाले इस इलाके के लोगों को अब सड़क के जरिए विकास और बेहतर भविष्य की उम्मीद दिखाई देने लगी है।

ठेकेदार को निर्देश

राष्ट्रीय राजमार्ग कोण्डागांव संभाग के एसडीओ जीएस शोरी ने बताया कि क्षेत्र के ठेकेदार को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को समय में पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

लैंड स्लाइड बाधा, बुकिंग कैंसल करवा रहे टूरिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए जगदलपुर आने वाले सैलानियों की राह में ओड़िशा का लैंड स्लाइड बाधा बन गया है। यात्री ट्रेनें जगदलपुर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, दूसरी ओर पर्यटक होटलों में कराई गई बुकिंग कैंसल करवा रहे हैं। इसका सीधा असर होटल कारोबार पर पड़ने के साथ ही ऐतिहासिक बस्तर दशहरा में सैलानियों की आमद पर भी पड़ने की आशंका है।

- होटल कारोबारियों की प्रशासन से गुहार
- ओड़िशा के कोरापुट से जगदलपुर तक बस सेवा जरुरी, विकल्प मिला तो आएंगे सैलानी

होटल एसोसिएसन के अध्यक्ष जतीन जायसवाल ने जारी बयान में कहा कि बस्तर दशहरा 75 दिनों तक चलने वाला ऐसा ऐतिहासिक पर्व है, जिसकी अनूठी परंपराएं देश-दुनिया के सैलानियों को आकर्षित करती हैं। लेकिन इस बार पर्व के दौरान ओड़िशा में हुए लैंड स्लाइड ने पर्यटकों की आवाजाही पर संकट खड़ा कर दिया है।रेलमार्ग बाधित होने की वजह से यात्री ट्रेनें जगदलपुर तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

ऐसे में जिन पर्यटकों ने बस्तर दशहरा देखने के लिए पहले से होटल बुकिंग कराई थी, वे अब बुकिंग कैंसल करवा रहे हैं। इससे होटल कारोबारियों को आर्थिक नुकसान की आशंका है। बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखने आने वाले सैलानियों की संख्या में भी गिरावट आ सकती है।

परमिट फ्री बसें चलाएं

होटल एसोसिएशन ने प्रशासन से वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था करने की मांग की है। अध्यक्ष का कहना है कि पड़ोसी राज्य ओड़िशा से जगदलपुर तक परमिट-फ्री बसें चलाई जाएं ताकि रेल सेवा बाधित होने के बावजूद पर्यटकों को यहां पहुंचने का विकल्प मिल सके।उनका कहना है कि बस्तर दशहरा सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि बस्तर की पहचान और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। ऐसे में रेलमार्ग की बाधा से पर्यटकों की दूरी बढ़ी तो इसका असर पर्यटन कारोबार पर दिख सकता है।



एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 16 को

कांकेर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 16 अक्टूबर को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 340 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी।

इंद्रावती नदी के पुनर्जीवन और संरक्षण के लिए होंगे प्रभावी प्रयास

जगदलपुर। इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शरद अवस्थी के नगर पालिका निगम में प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं एल्डरमैन उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर शरद अवस्थी ने कहा कि नगर निगम में जिस आत्मीयता और उत्साह के साथ उनका स्वागत किया गया, उससे वे भावुक और अभिभूत हैं। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल की स्मृतियां साझा करते हुए नगर निगम के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नगर निगम के जनप्रतिनिधि शहर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और पार्षदों के साथ मिलकर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इंद्रावती नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इसके लिए ⏭शेष पेज 02 पर



महापौर ने कहा मार्गदर्शन प्रेरणादायी

महापौर ने शरद अवस्थी के नगर निगम आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन से शहर के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी तथा जनप्रतिनिधि जनहित के कार्यों को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा सकेंगे।इस अवसर पर निगम अध्यक्ष ने भी विचार व्यक्त किए। वहीं योगेंद्र पाण्डेय, आर्यन सिंह आर्य एवं सुरेश गुप्ता ने उनके साथ अनुभव साझा किए और उनसे जुड़ी पुरानी स्मृतियों को याद किया।

सुमीत बाजार

कोंडागाँव में आज व कल

बाजार मूल्य ₹1399 से ₹1899 प्रति पीस वाले

प्रीमियम ब्रांडेड फैशन एवं रेग्यूलर वियर

MENS JEANS



4 पीस जीन्स

₹999 में

*condition apply

अविश्सवसनीय रेट ऑफर... 4 जीन्स की कीमत ₹999 में... साईज उपलब्धतानुसार... ऑफर स्टॉक रहने तक...

बस स्टैण्ड के सामने, मेन रोड, कोंडागांव

खबर संक्षेप

पदयात्रियों के बैग और कपड़ों पर लगाएं रेडियम पट्टी

जगदलपुर। नवरात्रि के अवसर पर मां दंतेश्वरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा तथा गिरोला में मां हिंग्लाजिन मंदिर



जाने वाले पदयात्रियों की सुरक्षा को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता सपन देवांगन ने अपील की है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इससे बचाव के लिए पदयात्री अनिवार्य रूप से अपने बैग और कपड़ों पर रेडियम पट्टी लगाकर चलें। उन्होंने प्रशासन व सामाजिक संगठनों से आग्रह किया है कि मार्ग में संचालित सभी सेवा केंद्रों में रेडियम की व्यवस्था की जाए और जिन यात्रियों के पास रेडियम नहीं है, उनके बैगों में इसे लगाया जाए ताकि दूर से आ रहे वाहनों को रिफ्लेक्शन के जरिए पदयात्रियों की मौजूदगी का पता चल सके। उन्होंने वाहन चालकों से भी नवरात्रि के दौरान सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने और रात में डीपर लाइट का उपयोग करने का अनुरोध किया है।

दिव्यांग विद्यार्थी सड़क पर उतरे



जगदलपुर। शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूर आड़ावाल स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय में शिक्षकों की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई महीनों से शिक्षक नियुक्त करने की मांग कर रहे विद्यार्थियों का धैर्य मंगलवार को जवाब दे गया। अधिकारियों और कलेक्टर से गुहार लगाने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर विद्यार्थियों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय में कई विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते नियमित पढ़ाई नहीं हो पा रही है। विद्यार्थियों को अगस्त तक शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी पर पड़ रहा है। सबसे अधिक चिंता 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को है। उनका कहना है कि परीक्षा नजदीक आने के बावजूद विषयवार शिक्षक नहीं होने से पाठ्यक्रम पूरा करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में परीक्षा परिणाम खराब होने की आशंका बनी हुई है। विद्यार्थियों ने कहा कि वे भी दूसरे बच्चों की तरह बेहतर शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी उनके भविष्य के सामने चुनौती बन रही है। शिक्षकों की कमी के साथ विद्यार्थियों ने छात्रावास की बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। उनका आरोप है कि साबुन जैसी आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती। इसके अलावा नाश्ते और भोजन की व्यवस्था में भी समस्याएं हैं। विद्यार्थियों ने रसोइयों के कथित दुर्व्यवहार की शिकायत करते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की।

आकर्षक पंडालों में विराजीं मां दुर्गा, दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु...



जगदलपुर। संजय मार्केट में आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। समिति द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।





जगदलपुर। माता संतोषी वार्ड में दुर्गा पंडाल को कांतारा फिल्म की तर्ज पर वराह अवतार का स्वरूप दिया गया है जिसे कच्चे बांस से बनाया गया है।



जगदलपुर और तोकापाल तहसील के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने खींचा फुलरथ

फूलों से सजे रथ की पहली परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व की परंपरागत शुरूआत हो चुकी है। मंगलवार को फुलरथ की पहली परिक्रमा पूरी हुई। फूलों से सजे आकर्षक रथ को खींचने के लिए जगदलपुर और तोकापाल तहसील के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों ने पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ रथ को खींचकर गोलबाजार की परिक्रमा कराई। इसके साथ ही लगभग 75 दिनों तक चलने वाले बस्तर दशहरा पर्व का उल्लास शहर में दिखाई देने लगा है। शारदीय नवरात्रि की द्वितीया से सप्तमी तिथि तक प्रतिवर्ष फुलरथ खींचने की परंपरा निभाई जाती है। इस दौरान जगदलपुर और तोकापाल तहसील के गांवों से ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। फूलों



से सजे रथ को खींचना ग्रामीणों के लिए केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सदियों पुरानी परंपरा और बस्तर की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर भी है। इस ऐतिहासिक परंपरा का संबंध काकतीय नरेश राजा पुरुषोत्तम देव से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि राजा पुरुषोत्तम देव ने एक बार जगन्नाथपुरी तक पैदल तीर्थयात्रा की थी। वहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ के मंदिर में स्वर्ण मुद्राएं भेंट की थीं। उनकी इस भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर उन्हें रथपति की उपाधि से विभूषित किया गया था। पुरी धाम से बस्तर लौटने के बाद राजा पुरुषोत्तम देव ने धूमधाम से दशहरा उत्सव मनाने की परंपरा शुरू करने का निर्णय लिया, तभी से बस्तर दशहरा में रथ संचालन की परंपरा चली आ रही है। आज भी यह परंपरा उसी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। बस्तर का दशहरा देश के सबसे लंबे समय तक चलने वाले पर्वों में शामिल है।

अनूठी परंपरा

फुलरथ की परिक्रमा में जगदलपुर और तोकापाल तहसील के गांवों के ग्रामीणों की विशेष भूमिका रहती है। पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी बस्तर दशहरा की सामूहिक एकजुटता और सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती है।

पिकअप व ट्रेलर में टक्कर बाल बाल बचे पदयात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोड़ेनार थाना क्षेत्र स्थित बास्तानार घाट में सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर व पिकअप के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे के दौरान जगदलपुर से दंतेवाड़ा की ओर जा रहे पदयात्री बाल बाल बच गए। जोरदार हादसे में पिकअप का चालक केबिन में ही फंस गया था जिसे दो घटें की मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका।



- पिकअप के उड़े परखच्चे, केबिन में फंसे चालक को मशक्कत के बाद निकाला गया

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह बास्तानार घाट के मोड़ में तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर का चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और वह सामने से आ रही पिकअप को टक्कर मारते हुए पलट गई। इस हादसे में पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसका चालक केबिन में ही फंस गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोड़ेनार टीआई विजय पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दो घटें की मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। हालाकिं हादसे में काई जनहानि नहीं हुई। फंसे वाहनों को केरन की मदद से निकालकर आवागमन शुरू करवाया गया। हादसे के दौरान कई पदयात्री वहां से गुजर रहे थे जो एक्सीडेंट के दौरान बाल बाल बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद घाट में जाम की स्थिति बन गई थी।

सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता के विजेता छात्राएं और शिक्षक सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समग्र शिक्षा एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2026-27 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र परिसर के सभागार में किया गया। इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सहायक कलेक्टर यशवंत नायक ने विभिन्न विधाओं की विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही कलेक्टर आकाश छिकारा के महत्वाकांक्षी 'बोलेगा बचपन' कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समर्पित शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह में नीति आयोग से तानिया अधोब, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पाण्डे सहित सभी सहायक परियोजना समन्वयक, खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के दौरान गायन, चित्रकला, भाषण, कविता पाठ, वाद-विवाद तथा वाद्य यंत्र वादन जैसी विभिन्न विधाओं में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



शिक्षिका नेहा श्रीवास सम्मानित

जगदलपुर। सुपर गर्ल प्रतियोगिता के दौरान सेजस अलनार की शिक्षिका नेहा श्रीवास को विनोबा ऐप पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल एवं अपर कलेक्टर ने उन्हें मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

नगरनार स्टील प्लांट की सेफ्टी टीमों ने भिलाई में जीते 4 गोल्ड मेडल, लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील लिमिटेड की क्वालिटी सर्कल की 5 टीमों ने भिलाई कन्वेंशन में 4 गोल्ड मेडल जीते। हाल ही में शुरू किए गए सेफ्टी सर्कल सेक्शन में 4 सेफ्टी सर्कल टीमों ने गोल्ड प्राइज़ जीता है और नेशनल लेवल मीट के लिए क्वालिफाई किया है। इस जीत से खाते में इस साल की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 9 गोल्ड अवार्ड आये हैं। इससे पहले क्वालिटी सेक्शन में 5 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते थे। इन चारो टीमों को भी



नेशनल प्रतियोगिता में क़िस्मत आज़माने का अवसर मिलगा। नगरनार स्टील प्लांट के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हेड, प्रमोद कुमार ने इस दोहरी खुशी पर कहा, इस प्रतिष्ठित इवेंट में सभी 4 सेफ्टी टीमों का गोल्ड जीतना, सुरक्षित काम के माहौल के प्रति नगरनार स्टील लिमिटेड की प्रतिबद्धता को दिखाता है और यह समर्पित और प्रोफेशनल सेफ्टी टीम का एक बेहतरीन सबूत है।

6 साल से मानदेय का इंतजार कब जागेगा शासन : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दशहरा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी आदिवासी संस्कृति, आस्था और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। लेकिन आज इसी परंपरा को जीवित रखने वाले 30 मुंडा बाजा वादक अपने हक के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। उक्त बातें बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है। उन्होंने कहा 2019 में मानदेय देने की घोषणा किए जाने की बात कही जाती है, लेकिन वादकों का आरोप है कि 6 साल बीत जाने के बाद भी उन्हें मानदेय नहीं मिला। एक महीने पहले बस्तर महाराजा, दशहरा समिति के अध्यक्ष एवं सांसद महेश कश्यप, कलेक्टर और तहसीलदार को आवेदन दिया गया, लेकिन वादकों के अनुसार अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।एसडीएम और आरआई समझाने पहुंचे, लेकिन वर्षों से लंबित मांग के बीच अब वादक केवल मौखिक आश्वासन नहीं, बल्कि लिखित आश्वासन मांग रहे हैं। मौर्य ने कहा सवाल यह है कि बस्तर की संस्कृति का गौरवगान करने वालों के पास इन कलाकारों की छह साल पुरानी मांग का जवाब क्यों नहीं है।जब परंपराओं को निभाने वाले कलाकार ही अपने अधिकारों के लिए भटक रहे हैं, तो उनकी समस्याओं का समाधान करने की जिम्मेदारी किसकी है।



- कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया दशहरा विधान के प्रमुख लोगों की अनदेखी का

नवरात्र पर पदयात्रियों को मिलेंगे फल, पानी और खाने का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की पहल से मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु दंतेवाड़ा जाने वाले पदयात्रियों की



- विधायक की पहल से सेवारथ का शुभारंभ

सेवा के लिए सेवा रथ का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। सेवा रथ में पदयात्रियों को फल, बिस्कुट, एवं पानी का वितरण किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने सभी क्षेत्रवासियों को बस्तर दशहरा, शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विद्याशरण तिवारी, महापौर संजय पांडे, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, श्रीनिवास मिश्रा, रामाश्रय सिंह,रजनीश पानीग्राही, आरेद्र सिंह,योगेन्द्र पांडे, प्रकाश झा, संग्राम सिंह राणा,हरिश पारेख, राजेश श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, गोविंद ईनाणी, श्रीपाल जैन,परेश बेसरा, दिनेश पानीग्राही,मनोज पटेल, नरेन्द्र पानीग्राही ,सतीश बाजपेई,अमित कपूर, अभिषेक तिवारी,विनय राजू ,अचुंत सामंत , रितेश झा, एवं अन्य उपस्थित थे।

पीवी ऐप की व्यवहारिक दिक्कतें नहीं हुई दूर, पटवारी बेमुद्दत हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पीवी ऐप की व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण न होने, पटवारियों पर की जा रही

- एसडीएम को ज्ञापन सौंप मंडी परिसर में धरने पर बैठे जिले भर के पटवारी, शासकीय कामकाज ठप

दमनकारी कार्रवाई और वर्षों से लंबित मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ के आह्वान पर मंगलवार से बस्तर जिले के सभी पटवारी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं। जिले भर के पटवारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद मंडी परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं, जिससे राजस्व



से जुड़े शासकीय कामकाज ठप हो गए हैं।

पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि पीवी ऐप के माध्यम से फसल के भौतिक सत्यापन के दौरान कई व्यावहारिक और तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। इन समस्याओं से शासन और विभाग को पहले ही अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। संघ का आरोप है कि पटवारी पहले से ही डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक, किसान पंजीयन, जनगणना और स्वामित्व योजना जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद पीवी ऐप के बहिष्कार को लेकर बलौदाबाजार में तबादले व नोटिस तथा महासमुंद में निलंबन की कार्रवाई की गई है। संघ ने इन कार्रवाइयों को द्वेषपूर्ण बताते हुए इन्हें तत्काल निरस्त करने की मांग की है।



